दुनिया में रोशन,
उसका नाम हो गया है,
जिस पे सांवरा,
मेहरबान हो गया है,
सारा जग उसका,
कदरदान हो गया है,
जिस पे साँवरा,
मेहरबान हो गया है।।

तर्ज रब करे तुझको भी प्यार।

हो समर्पित जिसने कर ली,
नौकरी दरबार की,
सेठ बन कर घूमता वो,
दुनिया के बाजार में,
बिन कहे ही उसका,
हर एक काम हो गया है,
जिस पे साँवरा,
मेहरबान हो गया है।।

दुख का मारा बेसहारा,
जो भी आया हार के,
उस पे सारे सुख लुटाए,
सांवरे ने वार के,
उसकी किस्मत के सितारे,

चमके रातों रात में,
अपना जीवन सौंप डाला,
जिसने इसके हाथ में,
मुश्किल सफर भी,
आसान हो गया है,
जिस पे साँवरा,
मेहरबान हो गया है।।

जिसके लब पे रहता हरदम,
श्याम का गुणगान है,
सांवरा हर एक कदम पे,
रखता उसका ध्यान है,
जिसकी जीवन नैया का ये,
सांवरा पतवार है,
कितना ही तूफान आए,
होती नैया पार है,
बिन कहे ही उसका,
हर एक काम हो गया है,
Bhajan Diary Lyrics,
जिस पे साँवरा,
मेहरबान हो गया है।।

दुनिया में रोशन,
उसका नाम हो गया है,
जिस पे सांवरा,
मेहरबान हो गया है,
सारा जग उसका,
कदरदान हो गया है,

जिस पे साँवरा,
मेहरबान हो गया है।।

स्वर केमिता जी राठौर।
प्रेषक शेखर चौधरी।
मो 9754032472

Source: https://www.bharattemples.com/jispe-sanwra-meharbaan-ho-gaya-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw